किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय प्रशासन का होगा। निविदा फार्म प्राप्त करने के पश्चात फर्म/एजेंसी कार्य स्थल का निरीक्षण कर सकती है।

कार्यपालन यंत्री

रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

R-47708/2022

ATUL

सड़कों के रेस्टोरेशन में विलंब करने वाले ठेकेदारों पर कार्यवाही की जाए

भोपाल, भोपाल की सड़कों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। सड़कों के रख-रखाव के लिए नगर निगम और पीडब्ल्यूडी परस्पर समन्वय कर कार्य करें। सीवरेज और पानी की पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कों का रेस्टोरेशन जिन ठेकेदारों ने नहीं किया है, उन पर कार्यवाही की जाए। एक पखवाड़े के बाद मैं पुनः सड़कों का निरीक्षण करूंगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रातःकालीन बैठक में भोपाल की सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहीं। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री वी.एस. कोलसानी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई तथा प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री मनीष सिंह वुर्चअली शामिल हुए। बैठक में बताया गया कि तुलनात्मक रूप से अधिक वर्षा के कारण सड़कें प्रभावित हुई हैं।

गो–संरक्षण को सामाजिक दायित्व बनाना आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इसी बैठक में कहा कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से आयोजित गोवर्धन पूजा के माध्यम से हमें जन-जन को वृक्षारोपण, गो-वंश के संरक्षण और प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करना है। गोवर्धन पूजा सही अर्थों में पर्यावरण और प्रकृति की पूजा है, इसका आरंभ भगवान श्रीकृष्ण ने किया था। उन्होंने बृजवासियों से कहा था कि गोवर्धन पर्वत जंगल, घास और फल-फूल के माध्यम से लोगों और पशुओं को जीवन देता है। गोवर्धन पूजा का अर्थ पर्यावरण की रक्षा करना है और जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के संकट और प्रभावों को देखते हुए गोवर्धन पूजा अधिक प्रासंगिक हो गई है। गोवर्धन पूजा से अधिक से अधिक किसान, पर्यावरण प्रेमी और जन-सामान्य को जोड़ने का प्रयास किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गो-वंश की व्यवस्था के लिए गो-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। सड़कों पर रह रहे गो-वंश की सुरक्षा के लिए गो-वंश को गो-शाला तक लाने के कार्य को सामाजिक दायित्व के रूप में निभाने के लिए हर व्यक्ति को प्रेरित करें।

वर्तमान में 1663 गो-शालाएं संचालित हैं। श्री चौहान ने कहा कि साथ ही अन्य गो-शालाओं को भी सक्रिय किया जाएगा। पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देना आवश्यक है।

वृक्षारोपण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से भावी पीढ़ी को बचाने का उपयुक्त माध्यम है। गोवर्धन पूजा से वृक्षा-रोपण, प्राकृतिक खेती और गो-वंश के संरक्षण की गतिविधियों में अधिक से अधिक लोगों और गो-संरक्षण के लिए सक्रिय संस्थाओं को भी जोड़ा जाएगा।

जनजातीय गौरव दिवस सभी पंचायतों में मनाया जाएगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आगामी 15 नवम्बर को बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश की सभी पंचायतों में यह कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री निवास कार्यालय पर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में नवनिर्मित कन्या शिक्षा परिसरों का वर्चुअली लोकार्पण होगा। संपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम, पेसा एक्ट, मित्र-24x7 कॉल सेंटर और ट्राइबल डिजाइन सेंटर- एनआईडी भोपाल का शुभारंभ होगा। साथ ही जेईई, नीट और क्लेट के विद्यार्थियों का सम्मान होगा। श्री चौहान ने कहा कि पेसा एक्ट के कार्यक्रम का 7 दिवस पहले से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

किसानों के हित में एक और बड़ा कदम

'वन नेशन वन फर्टिलाइजर' से किसानों को होगी आसानी

भारत एक कृषि प्रधान देश है, इस नाते हमारे देश के अन्नदाता यानी कि किसान हमेशा से हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी रहे हैं। अगर देश के किसान खुशहाल रहते हैं और उनकी पैदावार अच्छी होती है, तभी भारत की अर्थव्यवस्था और जीडीपी रफ्तार पकड़ती है। ऐसे में इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार किसानों को मजबूती प्रदान करने में जुटी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार किसानों की आय बढ़ाने एवं हमेशा उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य करने पर जोर देती रही है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र के कल्याण के लिए अनेक पहल की हैं। इसी कड़ी में किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाले फर्टिलाइजर को लेकर केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण व्यवस्था की है।

दरअसल, देश में 45.6 प्रतिशत कार्यबल कृषि क्षेत्र में कार्यरत हैं। ऐसे में किसान कल्याण को ध्यान में रखते हुए सरकार 'वन नेशन वन फर्टिलाइजर' के माध्यम से किसानों को एक ही छत के नीचे उर्वरक और कृषि संबंधी अन्य सामग्री सस्ती दरों पर मुहैया करवाएगी। इस तरह कृषि संबंधित सामग्री सही दाम और कम समय पर मिल जाने से किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने और अपनी आय में वृद्धि करने में मदद मिलेगी। बीते 8 साल में सरकार के द्वारा ऐसी तमाम योजनाएं शुरू की गई हैं, जिसमें किसानों की जिंदगी में बदलाव आए हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पीएम मोदी ने वन नेशन वन फर्टिलाइजर योजना की शुरुआत की है। इस योजना के शुभारंभ से किसानों को बहुत लाभ पहुंचने की उम्मीद है।

'भारत' ब्रांड के नाम से बेचे जाएंगे सभी उर्वरक

मौजूदा दौर में देश में उर्वरकों को विभिन्न नामों से बेचा जाता है, इससे किसानों को खरीदारी करने में काफी दिक्कत होती है। किसान हमेशा इस समस्या में उलझे रहते हैं कि कौन सा उर्वरक उनकी फसल के लिए बेहतर है। लेकिन अब यह समस्या दूर हो जाएगी, क्योंकि सार्वजनिक एवं निजी कंपनियों के द्वारा जितने भी फर्टिलाइजर्स बेचे जाएंगे उन्हें अब सिंगल ब्रांड यानी एक ब्रांड 'भारत' के नाम से बेचा जाएगा।

'वन नेशन वन फर्टिलाइजर' किसानों को ब्रांड विशिष्ट पसंद के भ्रम को दूर करने में मदद करेगा, क्योंकि एक खास तरह के उर्वरक के लिए विभिन्न ब्रांडों में कोई उत्पाद विषमता नहीं होती है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि किसी विशेष श्रेणी के उर्वरक में उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत निर्धारित निर्देशों के अनुसार समान पोषक तत्व होने चाहिए। उदाहरण के लिए डीएपी या यूरिया में समान मात्रा में पोषक तत्व होते हैं, चाहे वह एक कंपनी द्वारा उत्पादित की गई हो या किसी दूसरी कंपनी के द्वारा। अलग-अलग नामों से उर्वरक मिलने की वजह से किसान अक्सर भ्रम की स्थिति में होते थे जिससे अब छुटकारा मिल जाएगा।

समय पर होगी आपूर्ति

वर्षों से कई ब्रांड के चक्कर में फंसे रहने की वजह से किसानों को काफी समस्याएं होती थीं। उन्हें सही समय पर उनके चहेते ब्रांड वाले फर्टिलाइजर नहीं मिल पाते थे। जिसके परिणामस्वरूप किसानों को उर्वरकों की आपूर्ति में देरी होती थी। साथ ही उर्वरकों की लंबी दूरी की आवाजाही के कारण माल ढुलाई सब्सिडी में वृद्धि होती थी, जिसकी वजह से राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था। लेकिन अब इन परिस्थितियों में बदलाव आ जाएगा, किसानों को सही समय पर फर्टिलाइजर, बीज एवं सभी जरूरी सामग्री उपलब्ध होंगी, जिससे वो समृद्ध और खुशहाल बनेंगे।

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र होंगे विकसित

वन नेशन वन फर्टिलाइजर की सफलता के सूत्रधार प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र बनेंगे। देशभर में मौजूद प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों को विकसित किया जाएगा, जहां किसानों को एक छत के नीचे उचित मूल्य पर उर्वरक, बीज, खरपतवारनाशक और कीटनाशक जैसी सभी गुणवत्ता वाली कृषि सामग्रियां मुहैया कराई जाएंगी। इसके अलावा इन केंद्रों पर छोटे कृषि उपकरण जैसे दरांती, स्प्रेयर आदि भी उपलब्ध होंगे। ये केंद्र तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन सहित छोटे-बड़े कृषि उपकरण किराए पर देंगे। साथ ही इन केंद्रों द्वारा किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के साथ-साथ नवीनतम एवं सर्वोत्तम कृषि प्रौद्योगिकी और प्रथाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र तीन स्तरों (ग्राम, तहसील और जिला स्तर) पर काम करेंगे। ग्राम स्तर पर ये किसानों को फसल से जुड़ी पाठ्यसामग्री एवं मृदा उर्वरता की जानकारी देंगे, सरकारी अधिकारियों के संदेश तथा भंडारण स्थिति के बारे में बताएंगे, सब्सिडी एवं अधिकतम खुदरा मूल्य आदि की सुविधा प्रदान करेंगे। तहसील स्तर के केंद्रों पर किसानों को नए दौर के उर्वरक एवं सरकारी योजनाओं के संबंध में हेल्प डेस्क, फसल संबंधी परामर्श, कॉमन सर्विस सेंटर, मृदा एवं कीटनाशक परीक्षण, बीज का नमूना संग्रह, स्प्रेयर, डस्टर एवं ड्रोन के लिए कस्टम हायरिंग की सुविधा मिलेगी तथा मंडी की कीमतों और मौसम की स्थिति के बारे में जानकारी मिलेगी। जिला स्तर के केंद्रों पर किसानों को संपूर्ण उत्पाद शृंखला की जानकारी मिलेगी, मृदा, बीज, जल एवं कीटनाशकों के लिए परीक्षण की सुविधा मिलेगी और खुदरा विक्रेताओं एवं कॉमन सर्विस सेंटर की क्षमता निर्माण में सहायता प्रदान की जाएगी।

विक्रेताओं को किया जाएगा प्रशिक्षित

प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों पर खुदरा विक्रेताओं को जानकारी के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक छह महीने में प्रशिक्षित किया जाएगा। यहां कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि विज्ञानी और कृषि विशेषज्ञ खुदरा विक्रेताओं को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए प्रोत्साहन देंगे, नए दौर के उर्वरक समाधान जैसे नैनो एवं जैविक उर्वरकों के इस्तेमाल और फायदे से जुड़ी जानकारी देंगे तथा नियमित तौर पर प्रशिक्षित करेंगे। यहां प्रगतिशील किसानों की सफलता की कहानियों को भी किसानों के साथ व्यापक तौर पर साझा किया जाएगा। साथ ही नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी, फसल कीट संक्रमण की चेतावनी और मंडी दर आदि की जानकारी भी दी जाएगी।

उर्वरक उत्पादन में आत्मनिर्भर होगा भारत

आत्मनिर्भर भारत पहल के हिस्से के रूप में उर्वरकों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार भारतीय उर्वरक कंपनियों को उनकी बैकएंड आपूर्ति शृंखला को मजबूत करने के लिए सलाह और समर्थन दे रही है। रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल पर देश की उच्च निर्भरता को देखते हुए, भारत निवेश और बहु-वर्षीय आयात सौदों के माध्यम से खनिज समृद्ध देशों में अपनी पहुंच का विस्तार करके कीमतों में वृद्धि के खिलाफ अपनी आपूर्ति को सुरक्षित करने की योजना बना रहा है।

अन्य प्रमुख जानकारी

- 'वन नेशन वन फर्टिलाइजर' योजना के अन्तर्गत देश में उर्वरकों की 3.30 लाख से अधिक खुदरा दुकानों को चरणबद्ध तरीके से प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों में परिवर्तित किया जाएगा।
- ये ऐसे केंद्र होंगे, जहां सिर्फ खाद ही नहीं, बल्कि बीज और उपकरण भी मिलेंगे। साथ ही मिट्टी की जांच भी हो सकेगी, इसके अलावा यहां हर प्रकार की जानकारी भी किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी।
- यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए भारत अब तेजी से तरल नैनो यूरिया की तरफ बढ़ रहा है। नैनो यूरिया, कम खर्च में अधिक पैदावार का माध्यम है।
- पिछले वर्ष भारत नैनो यूरिया का व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया था। भारत में नैनो तरल यूरिया विकसित करने वाली कंपनी इफको (आईएफएफसीओ) है।
- भारत कृषि निर्यात के मामले में शीर्ष 10 देशों में शामिल है।
- पूरे देश में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीके जैसे उर्वरकों की सुगम उपलब्धता है।
- भारत यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) का दुनिया का सबसे बड़ा खरीदार है।
- यूरिया के बाद भारत में दूसरा सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला उर्वरक डीएपी है।
- सरकार ने यूरिया की खपत को कम करने के लिये कई उपाय किये हैं। इसने गैर-कृषि उपयोग हेतु यूरिया के अवैध प्रयोग को कम करने के लिये नीम कोटेड यूरिया की शुरुआत की।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस विशेष

सामान्य ज्ञान : आइए जानें अपने प्रदेश को

1. मध्यप्रदेश का गठन कब किया गया?
A. 01 नवंबर 1955
B. 01 नवंबर 1956
C. 01 दिसंबर 1956
D. 01 नवंबर 1954
उत्तर- B. 01 नवंबर 1956

2. मध्यप्रदेश में वर्तमान में संभागों की संख्या है?
A. 10 B. 11
C. 12 D. 15
उत्तर- A. 10

3. मध्यप्रदेश का राजकीय खेल क्या है?
A. हॉकी B. कबड्डी
C. क्रिकेट D. मलखम्ब
उत्तर- D. मलखम्ब

4. मध्यप्रदेश के बारे में कौन सा तथ्य सही है?
A. सोयाबीन राज्य
B. टाइगर स्टेट
C. हृदय प्रदेश
D. उपरोक्त सभी
उत्तर- D. उपरोक्त सभी

5. किस नदी को मध्यप्रदेश की जीवन रेखा कहा जाता है?
A. ताप्ती B. सोन
C. नर्मदा D. चंबल
उत्तर- C. नर्मदा

6. मध्यप्रदेश का राजकीय पशु है?
A. चीता
B. शेर
C. हिरण
D. बारहसिंगा
उत्तर- D. बारहसिंगा

7. मध्यप्रदेश के बारे में इनमें से कौन सा तथ्य सही नहीं है?
A. राजकीय मछली - महाशीर
B. राजकीय पुष्प - सफेद लिली
C. राजकीय फसल - मक्का
D. राजकीय वृक्ष - बरगद
उत्तर- C. राजकीय फसल - मक्का

8. वर्तमान में मध्यप्रदेश में कुल कितने जिले है?
A. 51 B. 52
C. 53 D. 50
उत्तर- B. 52

9. मध्यप्रदेश की सर्वाधिक सीमा किस राज्य को स्पर्श करती है?
A. गुजरात B. राजस्थान
C. महाराष्ट्र D. उत्तरप्रदेश
उत्तर- D. उत्तरप्रदेश

10. मध्यप्रदेश के बारे में इनमें से कौन सा तथ्य सही है?
A. राजकीय फल - आम
B. राजकीय पक्षी - दूधराज
C. राजकीय नाट्य - माच (माचा)
D. उपरोक्त सभी
उत्तर- D. उपरोक्त सभी

11. राष्ट्रीय बैंक नोट प्रेस मध्यप्रदेश में कहां है?
A. भोपाल B. देवास
C. इंदौर D. होशंगाबाद
उत्तर- B. देवास

12. मध्यप्रदेश में कर्क रेखा कितने जिलों से गुजरती है?
A. 14 B. 18
C. 12 D. 10
उत्तर- A. 14

13. मौर्यकालीन भरहुत के बौद्ध स्तूप मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित हैं?
A. रीवा B. विदिशा
C. उज्जैन D. सतना
उत्तर- D. सतना

14. मध्यप्रदेश का 52वां जिला कौन-सा है?
A. निवाड़ी B. अलीराजपुर
C. उमरिया D. नर्मदापुरम्
उत्तर- A. निवाड़ी

15. रेलवे स्लीपर बनाने का कारखाना मध्यप्रदेश में कहां है?
A. देवास B. शहडोल
C. बुधनी D. सिवनी
उत्तर- C. बुधनी

16. म.प्र. के किस जिले से भारतीय मानक समय (I.S.T.) रेखा गुजरती है?
A. जबलपुर B. इंदौर
C. सतना D. सिंगरौली
उत्तर- D. सिंगरौली

17. मध्यप्रदेश के किस शहर में हर 12 वर्ष के बाद सिंहस्थ मेला आयोजित होता है?
A. इंदौर
B. होशंगाबाद
C. उज्जैन
D. जबलपुर
उत्तर- C. उज्जैन

18. मध्यप्रदेश का पहला चिकित्सा महाविद्यालय कहां स्थापित किया गया था?
A. इंदौर B. ग्वालियर
C. भोपाल D. जबलपुर
उत्तर- B. ग्वालियर

19. मध्यप्रदेश की पहली नहर का नाम है?
A. बैनगंगा B. तवा
C. गुलाब D. चंबल
उत्तर- A. बैनगंगा

20. मध्यप्रदेश में लोकसभा की कुल कितनी सीटें हैं?
A. 25 B. 30
C. 29 D. 31
उत्तर- C. 29

21. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट किस शहर में स्थित है?
A. इंदौर B. भोपाल
C. रीवा D. जबलपुर
उत्तर- D. जबलपुर

22. यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल मध्यप्रदेश का कौन सा स्थान नृत्य महोत्सव के लिए भी प्रसिद्ध है?
A. खजुराहो
B. सांची
C. भीम बेटका
D. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- A. खजुराहो

23. वर्तमान में मध्यप्रदेश में विधानसभा सीटों की कुल संख्या है?
A. 240 B. 241
C. 230 D. 231
उत्तर- C. 230

24. क्षेत्रफल के आधार पर मध्यप्रदेश का देश में कौन सा स्थान है?
A. पहला B. दूसरा
C. तीसरा D. चौथा
उत्तर- B. दूसरा

25. मध्यप्रदेश की सबसे ऊंची चोटी कौन सी है?
A. जानापाव B. धूपगढ़
C. अमरकंटक D. आबू शिखर
उत्तर - B. धूपगढ़

रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

डेंगू बीमारी के नियंत्रण के प्रयास जारी

भोपाल, मध्यप्रदेश में डेंगू बीमारी के नियंत्रण के लिए सतत प्रयास जारी हैं। डेंगू को फैलने से रोकने के लिए डेंगू लार्वा का सर्वे और विनिष्टिकरण किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 79 लाख घरों में सघन लार्वा सर्वे किया गया। डेंगू बीमारी के संक्रमण को फैलाने वाले मच्छर (एडीज एजिप्टाई) को नष्ट करने और प्रजनन स्थल को कम करने का कार्य निरंतर जारी है। अब तक 21 हजार से अधिक व्यक्तियों में डेंगू की जाँच की गई है। इनमें 1595 डेंगू प्रकरण प्रकाश में आये हैं।

मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवार ने बताया कि प्रदेश में मलेरिया और डेंगू की रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इस वर्ष अब तक कुल 1595 डेंगू के प्रकरण प्रकाश में आये हैं।

कॅरियर की राहें

5जी सेवाओं से बढ़ेंगे टेलीकॉम सेक्टर में कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

इस समय देश में 5जी सेवाओं से कॅरियर के मौके बढ़ने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। एक अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2022' में देश में 5जी मोबाइल सर्विस का औपचारिक उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी के 5जी लॉन्च करने के बाद 1 अक्टूबर से ही देश के आठ प्रमुख शहरों में 5जी सेवा शुरू हो गई है। 5जी सबसे आधुनिक स्तर का नेटवर्क है। इससे न केवल इंटरनेट की स्पीड बढ़ेगी, बल्कि वह अधिक भरोसेमंद बनेगा और उसमें अधिक नेटवर्क संभालने की क्षमता भी होगी। सरकार के लक्ष्य के अनुरूप वर्ष 2023 के अंत तक पूरा देश 5जी सेवाओं की पहुँच में होगा।

निश्चित रूप से वर्तमान दौर जिस आटोमेशन, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और इंटरनेट आधारित सेवाओं का है, उसमें 5जी सेवा की एक प्रमुख भूमिका है। 5जी सेवा केवल मोबाइल की दुनिया में ही क्रांति लाने का काम नहीं करेगी, बल्कि वह शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग-व्यापार के साथ कृषि क्षेत्र को भी बल प्रदान करेगी। इसका लाभ कारोबार जगत के साथ शासन एवं प्रशासन को भी मिलेगा।

नई डिजिटल दुनिया में 5जी की अहमियत

वस्तुतः नई डिजिटल टेलीकॉम दुनिया में 5जी से कॅरियर के मौकों की अपार संभावनाएं बढ़ गई हैं। वस्तुतः टेलीकम्युनिकेशन में डेटा को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजा जाता है। टेलीफोन नेटवर्क, रेडियो ब्राडकास्टिंग सिस्टम, कम्प्यूटर नेटवर्क और इंटरनेट इसके उदाहरण हैं। यद्यपि कोरोनाकाल में कई महीनों तक शैक्षणिक संस्थाएँ और उद्योग कारोबार बंद थे और सभी लोग भी घरों में बंद थे। लेकिन टेलीकम्युनिकेशन ने ही सभी को डिजिटली कनेक्ट कर रखा था। टेलीफोन का आविष्कार करने वाले ग्राहम बेल ने कभी सपने में भी

नहीं सोचा होगा कि उसका यह संचार से जुड़ा आविष्कार एक-एक कदम आगे बढ़ता हुए अपनी नई तकनीकों से समूचे विश्व के करोड़ों लोगों के जीवन में कोविड-19 की अप्रत्याशित मानवीय और आर्थिक निराशाओं को कम करते हुए ई कॉमर्स, वर्चुअल मीटिंग, वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन पेमेंट, ऑनलाइन क्लॉसेज, ऑनलाइन एंटरटेनमेंट जैसी सुविधाओं का नया परिदृश्य निर्मित करेगा और फिर 5जी सर्विस के बाद टेलीकॉम सेक्टर की उपयोगिता कई गुना बढ़ जाएगी। अब 5जी सेवा के शुरू होने से इंटरनेट स्पीड कई गुना बढ़ जाएगी। इससे इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) से कनेक्टेडड उपकरणों की स्पीड भी बढ़ेगी। इसके अलावा, घर बैठे पढ़ाई, वर्चुअल मीटिंग, रोबोटिक सर्जरी या फिर देश-दुनिया के एक्सपर्ट्स का वर्चुअली कनेक्ट होना कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा।

टेलीकॉम सेक्टर में वर्ष 2026 तक 60 लाख रोज़गार के मौके

प्रमुख रोज़गार एजेंसी टीमलीज रिक्रूटमेंट फर्म के एक सर्वे के मुताबिक वर्ष 2026 तक टेलीकॉम सेक्टर में नौकरियों की संख्या 60 लाख के करीब पहुंचने की उम्मीद है, जो अभी लगभग 40 लाख है। इसी तरह टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल का भी मानना है कि आने वाले पांच वर्षों में देश में टेलीकॉम सेक्टर में 21-22 लाख तक स्किल्स वर्क फोर्स की आवश्यकता होगी। वस्तुतः टेलीकॉम सेक्टर में टेक्निकल और नान-टेक्निकल दोनों ही क्षेत्रों में ढेरों जाब उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि 5जी सेवाएं देश में जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगी, वैसे-वैसे शहरों के साथ-साथ गांवों में भी कुशल टेक्नीशियन, टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर्स, इंस्टालेशन एंड मेंटिनेंस सर्विस प्रोवाइडर्स, सेल्स, मार्केटिंग, एचआर जैसे सेक्टर्स में कुशल लोगों के लिए अवसर बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसके साथ-साथ वेब एवं मोबाइल डेवलपमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लाकचेन जैसे सेक्टर्स, डिफेंस



सर्विसेज, इसरो, डीआरडीओ जैसे रिसर्च संस्थानों भी 5जी सेवाओं के बाद रोज़गार के मौके तेजी से बढ़ेंगे। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारतनेट, पीएम-वाणी जैसे भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत इन दिनों सबसे अधिक टेलीकॉम नेटवर्क का काम हो रहा है, पूरे देश में कनेक्टिविटी के लिए आप्टिकल फाइबर की लाइन बिछायी जा रही है। इन सबके कारण इस सेक्टर में कॅरियर के मौके तेजी से बढ़ेंगे। विदेशों में भी टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में रोज़गार के चमकीले अवसर हैं।

टेलीकॉम सेक्टर में कॅरियर की बुनियादी जरूरतें

चूंकि टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर में फोन, मोबाइल, टेलीविजन, रेडियो, कंप्यूटर इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक और कम्युनिकेशन उपकरण बनाए अथवा डिजाइन किए जाते हैं। साथ ही टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर द्वारा सेटेलाइट के उपकरण को भी डिजाइन किया जाता है और उसे बनाया जाता है, जिससे हमारे टेलीविजन, टेलीफोन और इंटरनेट सर्विस चलती है। ऐसे में टेलीकम्युनिकेशन सेक्टर में कॅरियर के लिए शोध व नवाचार सहित तकनीकी गुण आवश्यक होते हैं। इसके साथ ही कम्युनिकेशन स्किल्स, टीम वर्क, कम्प्यूटर हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर की जानकारी, टेक्नीकल राइटिंग जैसे गुण भी कॅरियर को ऊंचाई देते हैं।

टेलीकॉम सेक्टर से संबंधित कोर्स

निःसंदेह इस समय 5जी सेवाओं के बाद टेलीकॉम सेक्टर से संबंधित विभिन्न प्रकार के कोर्स की अहमियत विभिन्न प्रकार के रोज़गार मौकों के मद्देनजर बढ़ गई है। देश के विभिन्न संस्थानों में टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट और डिप्लोमा के रूप में कोर्सेज संचालित हो रहे हैं, जिसे पीसीएम विषयों से 12वीं एवं ग्रेजुएशन के बाद किया जा सकता है। टेलीकम्युनिकेशन क्षेत्र में चार वर्षीय बैचलर (बीई/बीटेक) कोर्स में प्रवेश पाने के लिए छात्र को बारहवीं परीक्षा फिजिक्स, कैमिस्ट्री तथा मैथ्स के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जबकि दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए उसी स्ट्रीम में बीई/बीटेक की डिग्री आवश्यक है। डिग्री कोर्स में जेईई मेन्स/एडवांस के द्वारा प्रवेश मिलता है। टेलीकम्युनिकेशन में तीन वर्षीय पोलिटेक्निक डिप्लोमा के लिए छात्र का गणित विषय के साथ 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। टेलीकम्युनिकेशन से जुड़े जो प्रमुख कोर्स देश में उपलब्ध हैं, वे हैं- बीई/बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, बीई/बीटेक टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, एमई/एमटेक इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, एमटेक नेटवर्क एंड टेलीकम्युनिकेशन, एमबीए इन टेलीकम्युनिकेशन सिस्टम मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टेलीकम्युनिकेशन, डिप्लोमा इन टेलीकम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग। उल्लेखनीय है कि टेलीफोन/मोबाइल इंडस्ट्री, कम्प्यूटर इंडस्ट्री, सैटेलाइट कम्युनिकेशन, फाइबर आप्टिक्स कम्युनिकेशन सिस्टम्स आदि में डिप्लोमा किए जाने के बाद टेक्नीशियन के रूप में रोज़गार के मौके होते हैं। नेटवर्क सिस्टम इन डिजाइनिंग, इंस्टॉलिंग, टेस्टिंग, रिपेयरिंग आदि से संबंधित डिप्लोमा और स्किल ट्रेनिंग के बाद भी अच्छे रोज़गार मिल जाते हैं।

कहां से करें टेलीकॉम टेक्नोलॉजी के कोर्स

देश के कोने-कोने में टेलीकॉम टेक्नोलॉजी का कोर्स कराने वाले कई प्रमुख संस्थान हैं। इनमें आईआईटी, एनआईटी सहित इंजीनियरिंग कॉलेज और टेक्नोलॉजी के कई कॉलेज हैं। साथ ही विभिन्न आईटीआई और पोलीटेक्निक संस्थाओं में डिप्लोमा के कोर्स भी उपलब्ध हैं। इनमें से उपयुक्तता के अनुरूप किसी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थान और टेलीकम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के किसी उपयुक्त कोर्स का चयन करके अच्छे कॅरियर की डगर पर कदम आगे बढ़ाए जा सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. **इस वर्ष लंदन मैराथन रेस में महिला वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?**
(अ) येलेमजर्फ येहूला
(ब) जॉयसिलिन जेपकोसगई
(स) ब्रिगिड कोसगेई
(द) इनमें से कोई नहीं

2. **वर्ष 2022 में किस रेसर ने फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया था?**
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) मैक्स वर्स्टापेन
(स) कार्लोस सेंज
(द) वाल्टेरी बोटास

3. **इस वर्ष कनाडा मास्टर्स में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?**
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) हूर्बर्ट हुरकाज
(स) पाब्लो केरेनो बुस्टा
(द) डोमिनिक थिएम

4. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है?**
(अ) शाहिद अफरीदी
(ब) शाकिब अल हसन
(स) कैगिसो रबाडा
(द) मिशेल स्टार्क

5. **वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी ने वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप का खिताब जीता था?**
(अ) रॉरी ओसुलिवान
(ब) पंकज आडवाणी
(स) माइक रसेल
(द) इनमें से कोई नहीं

6. **यूरो कप किस खेल की एक लोकप्रिय प्रतियोगिता है?**
(अ) बास्केटबॉल (ब) टेनिस
(स) एथेलेटिक्स (द) फुटबॉल

7. **इनमें से क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाला ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट है?**
(अ) यूएस ओपन (ब) विम्बलडन
(स) फ्रेंच ओपन (द) ऑस्ट्रेलिया

8. **वर्ष 2022 में किस देश ने महिला बास्केटबॉल वर्ल्डकप का खिताब जीता है?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) बेल्जियम
(स) कनाडा (द) अमेरिका

9. **'द वर्ल्ड बिनीथ हिस फीट' किस खिलाड़ी की आत्मकथा है?**
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) राहुल द्रविड़
(स) पुलैला गोपीचंद
(द) लिएंडर पेस

10. **भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में किस खेल में पहली बार स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) टेनिस (ब) लॉन बॉल
(स) तैराकी
(द) इनमें से कोई नहीं

11. **इगोर स्टिमेक किस देश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच हैं?**
(अ) भारत (ब) ईरान
(स) मालदीव (द) जापान

12. **टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भातरीय हॉकी टीम के कप्तान हैं?**
(अ) पी.आर. श्रीजेश
(ब) मनप्रीत सिंह
(स) एस वी सुनील
(द) हरमनप्रीत सिंह

13. **किस खेल को चीन में राष्ट्रीय खेल का दर्जा मिला है?**
(अ) बैडमिंटन (ब) कराटे
(स) टेबल टेनिस
(द) इनमें से कोई नहीं

14. **इनमें से किस खेल में गुगली टर्म का इस्तेमाल होता है?**
(अ) टेनिस (ब) तीरंदाजी
(स) शतरंज (द) क्रिकेट

15. **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नए अध्यक्ष बने हैं?**
(अ) कल्याण चौबे
(ब) बाइचुंग भूटिया
(स) दिलीप टिर्की
(द) इनमें से कोई नहीं

16. **वर्ष 2021 में डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग में चैम्पियन बने थे?**
(अ) केंटो मोमोटा (ब) लिन डेन
(स) विक्टर एक्सेलसन
(द) एंडर्स एंटोनसन

17. **अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति का मुख्यालय किस देश में है?**
(अ) स्पेन (ब) स्विट्जरलैंड
(स) इटली (द) बेल्जियम

18. **किस देश ने ओलिंपिक खेलों में महिला हॉकी में सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) भारत (ब) पाकिस्तान
(स) नीदरलैंड्स
(द) इनमें से कोई नहीं

19. **वर्ष 2023 में एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया जाएगा?**
(अ) बांग्लादेश
(ब) संयुक्त अरब अमीरात
(स) श्रीलंका (द) पाकिस्तान

20. **इस वर्ष हैम्बर्ग ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने हैं?**
(अ) लोरेंजो मुसेटी
(ब) कार्लोस अल्कराज
(स) आंद्रे रूबलेव
(द) लियोनार्डो मायेर

21. **माइकल फेल्प्स ने आखिरी बार किस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) लंदन ओलिंपिक
(ब) रियो ओलिंपिक
(स) टोक्यो ओलिंपिक
(द) इनमें से कोई नहीं

22. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम फुटबॉल में सबसे ज्यादा अतंर्राष्ट्रीय गोल करने का रिकॉर्ड दर्ज है?**
(अ) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(ब) सुनील छेत्री
(स) लियोनल मेसी
(द) रॉबर्ट लेवानडोवस्की

23. **किदांबी श्रीकांत किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) टेनिस (ब) तीरंदाजी
(स) शतरंज (द) बैडमिंटन

24. **इस वर्ष फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप में कितने देश हिस्सा ले रहे हैं?**
(अ) 24 (ब) 28
(स) 32 (द) 40

25. **सौरव गांगुली किस वर्ल्डकप में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे?**
(अ) वर्ष 1999 (ब) वर्ष 2003
(स) वर्ष 2007
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (स), 4. (ब), 5. (अ), 6. (द), 7. (स), 8. (द), 9. (स), 10. (ब), 11. (अ), 12. (ब), 13. (स), 14. (द), 15. (अ), 16. (स), 17. (ब), 18. (स), 19. (द), 20. (अ), 21. (ब), 22. (अ), 23. (द), 24. (स), 25. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

होल्गर रूने ने जीता स्टॉकहोम ओपन का खिताब

स्टॉकहोम, डेनमार्क के युवा टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूने स्टॉकहोम ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चैम्पियन बन गए हैं। टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में रूने ने बड़ा उलटफेर करते हुए ग्रीस के अनुभवी खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को हराया। रूने ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनोर को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल मैच में सितसिपास को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन सितसिपास मैच में रूने के सामने ज्यादा देर नहीं टिक नहीं पाये और होल्गर ने मैच में 6-4,6-4 से जीत दर्ज की। ये होल्गर के टेनिस कॅरियर का दूसरा एटीपी खिताब है। टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब मार्सेलो अरेवालो और जीन जुलियन रोजर की जोड़ी ने जीता।

नेह इवांस ने विश्व साइक्लिंग चैम्पियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

पेरिस, ब्रिटेन की दिग्गज साइक्लिस्ट नेह इवांस ने फ्रांस में आयोजित ट्रैक साइक्लिंग विश्व चैम्पियनशिप में पॉइंट रेस इवेंट में स्वर्ण पदक जीता है। इवांस ने स्पर्धा में 1000 हजार अंक अर्जित कर पहला स्थान हासिल किया। स्पर्धा में जूली लेथ 900 अंकों के साथ दूसरे तथा जेनिफर वैलेंटे 800 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। ये विश्व चैम्पियनशिप में इवांस का पांचवां पदक है। इवांस इससे पहले विश्व चैम्पियनशिप में दो रजत और दो कांस्य पदक जीत चुकी हैं। इसके अलावा इवांस टोक्यो ओलिंपिक में टीम परस्यूट स्पर्धा में रजत पदक जीत चुकी हैं।

पेट कमिंस बने ऑस्ट्रेलिया की वन-डे टीम के कप्तान

मेलबर्न, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाज पेट कमिंस को वन-डे टीम का कप्तान चुना है। कमिंस ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के कप्तान भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवर क्रिकेट टीम के कप्तान ऐरॉन फिंच ने कुछ दिन पहले ही वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। फिंच आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान हैं। फिंच के वन-डे क्रिकेट से संन्यास के बाद माना जा रहा था कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया डेविड वॉर्नर या स्टीव स्मिथ को वन-डे टीम का कप्तान बना सकता है। इनके अलावा वन-डे कप्तान के लिए एलैक्स कैरी और मिशेल मार्श के नाम की भी चर्चा थी, लेकिन बोर्ड ने टेस्ट कप्तान कमिंस पर भरोसा जताया। कमिंस वन-डे प्रारूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी संभालने वाले पहले तेज गेंदबाज होंगे। कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 43 टेस्ट, 73 वन-डे और 48 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

डोप टेस्ट में विफल रहने के बाद हालेप पर लगा अस्थाई प्रतिबंध

बुकारेस्ट, रोमानिया की दो बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन खिलाड़ी सिमोना हालेप पर डोप टेस्ट में विफल रहने के बाद अंतर्राष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगाया है। आईटीआईए ने बताया कि इस वर्ष यूएस ओपन के दौरान हालेप का डोप सैंपल लिया गया था। जांच में हालेप डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाई गई थी। हालेप को टेनिस डोपिंग रोधी कार्यक्रम के अनुच्छेद 7.12.1 के तहत अस्थाई रूप से निलंबित किया गया है। प्रतिबंध लगने के बाद हालेप ने कहा कि मैंने कभी भी जानबूझकर प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया है।

मध्यप्रदेश वर्ष 2023 में करेगा खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी

नई दिल्ली, केंद्रीय एवं युवा मामलों के मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में 5वें खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 की घोषणा की। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री ठाकुर ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 की मशाल मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को सौंपी। मध्यप्रदेश वर्ष 2023 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी करेगा।

मुख्यमंत्री ने खेलों की मेजबानी मध्यप्रदेश को दिये जाने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन खेलों के आयोजन से मध्यप्रदेश में खेलों की दिशा में नई क्रांति आयेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिस संकल्प के साथ मध्यप्रदेश को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की जिम्मेदारी सौंपी है, उसे मध्यप्रदेश पूरी शिद्दत से निभाएगा। प्रदेश के 8 नगर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मण्डला, महेश्वर और बालाघाट में 31 जनवरी से 11 फरवरी 2023 के बीच यह आयोजन होगा।

केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस बार देश के दिल मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 का आयोजन होगा। श्री चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में खेलों का जो वातावरण बना है, उससे अनेक खेल प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन किया है। श्री ठाकुर ने कहा कि मलखम्ब कभी भारत के इतिहास का हिस्सा था, अब खेलो इंडिया गेम में शामिल किया गया है। हर तरफ इस खेल को तारीफ मिली है और बढ़ावा दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का मध्यप्रदेश में ऐसा आयोजन किया जायेगा, जिसे पूरा भारत ही नहीं दुनिया भी देखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स की मेजबानी देकर मध्यप्रदेश में जो विश्वास दिखाया है उसकी कसौटी पर पूरी तरह से खरा उतरने का हम प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से खेलो इंडिया के माध्यम से गांव-गांव में खेलों का विकास हो रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि देश के दिल मध्यप्रदेश में सभी का स्वागत करता हूं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स हम दिल से करेंगे। भारत की परंपरा है 'अतिथि देवो भव', मेहमान जो हमारा होता है वह जान से प्यारा होता है। हम अपने खिलाड़ियों को जान से ज्यादा संभाल कर रखेंगे। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबसे बड़ा काम अगर कोई किया है तो देश के मानस को बदलने का। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत अब खेलों में भी चमत्कार कर रहा है।

कीगन ब्रेडली ने जीती जोजो चैम्पियनशिप

टोक्यो, अमेरिका के अनुभवी गोल्फर कीगन ब्रेडली ने जापान में आयोजित जोजो चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। 36 वर्षीय ब्रेडली ने चार वर्ष में पहली बार पीजीए टूर टाइटल जीता है। ब्रेडली ने 2 अंडर 68 स्कोर के साथ चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया। ब्रेडली ने चैम्पियनशिप में रिकी फोउलर और एंड्रयू पुटनेम को एक शॉट के अंतर से हराया। ब्रेडली ने चैम्पियनशिप में 15 अंडर पार 265 स्कोर के साथ फिनिश किया। ब्रेडली ने इससे पहले सितम्बर 2018 में अमेरिका में बीएमडब्ल्यू चैम्पियनशिप का खिताब जीता था।

वर्स्टापेन ने जीती अमेरिकन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस

ऑस्टिन, इस वर्ष फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम करने के बाद भी नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन का विजयी अभियान जारी है। वर्स्टापेन ने अमेरिकन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस में भी जीत का परचम लहराया है। वर्स्टापेन ने 56 लैप की अमेरिकन ग्रांप्री रेस को एक घंटा 42 मिनट और 11.687 सेकेंड में पूरा किया। रेस में पूर्व विश्व चैम्पियन लुईस हैमिल्टन दूसरे, चार्ल्स लेकलर्क तीसरे, सर्जियो पेरेज चौथे और जॉर्ज रसेल पांचवें स्थान पर रहे।

यूकी और बिंगजियाओ बनीं डेनमार्क ओपन चैम्पियन

ओडेंसे, चीन के शटलरों ने डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। डेनमार्क ओपन में चीन के युवा शटलर शी यूकी ने पुरुष एकल वर्ग में तथा ही बिंगजियाओ महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी हैं।

टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में शी यूकी का सामना मलेशिया के ली जी जिया से हुआ। मैच में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। मैच का पहला गेम बेहद रोमांचक रहा, जिसमें यूकी ने 21-18 से जीत दर्ज की।

दूसरे गेम में जिया ने जबरदस्त वापसी की और यूकी के खिलाफ लगातार अंक अर्जित कर गेम को 21-16 से अपने नाम किया। तीसरे गेम की शुरुआत में दोनों खिलाड़ी संभलकर खेलते नजर आये, लेकिन यूकी ने जिया पर दबाव बनाया और एकतरफा बढ़त बनाने में सफल रहे। यूकी ने यह गेम 21-12 से जीतकर खिताब हासिल किया।

डेनमार्क ओपन में महिला एकल वर्ग के फाइनल में ही बिंगजियाओ के सामने ओलिंपिक चैम्पियन और उनकी हमवतन खिलाड़ी चेन यूफेई की चुनौती थी। मैच में बिंगजियाओ ने यूफेई को 22-20, 12-21, 21-10 से हराया। बिंगजियाओ और यूफेई के बीच पहला गेम कांटेदार रहा, जिसमें बिंगजियाओ ने बाजी जीती, जबकि दूसरा गेम यूफेई ने तथा तीसरा गेम बिंगजियाओ ने आसानी से अपने नाम किया।

टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान की जोड़ी ने जीता, वहीं महिला युगल वर्ग का खिताब चीन की चेन किंगचेन तथा जिया यिफान की जोड़ी ने जीता। मिश्रित युगल वर्ग में झेंग सेवेई और हुआंग याक्यिांग की चीनी जोड़ी विजेता बनीं।

अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप

अमन सेहरावत ने जीता स्वर्ण पदक

मैड्रिड, स्पेन में आयोजित अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप में भारत के युवा पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया है। चैम्पियनशिप में भारत के अमन सेहरावत ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक जीता है। अमन इस चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं। भारत ने चैम्पियनशिप में एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य सहित कुल 6 पदक जीतकर पदक तालिका में नौवां स्थान हासिल किया। चैम्पियनशिप में जापान ने सबसे ज्यादा 8 स्वर्ण, 1 रजत और 7 कांस्य सहित 16 पदक जीते हैं।

चैम्पियनशिप में पुरुष की 57 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में भारत के अमन ने स्वर्ण पदक जीता। अमन ने चैम्पियनशिप में राउंड-16 में श्रीलंका के हंसना गनेगोदगे को 11-0 से हराया। इसके बाद अमन ने क्वार्टर फाइनल में जापान के तोशिया आवे को 13-2 से हराया। सेमीफाइनल में अमन ने बेकजत अल्माज उलु को 10-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में अमन का सामना तुर्की के अहमत दुमान से हुआ। अमन ने अहमत को एकतरफा मुकाबले में 12-4 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

प्रतियोगिता में भारत की महिला पहलवान अंकुश पंघल ने रजत पदक जीता। महिलाओं की 50 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा के फाइनल में अंकुश का सामना जापान की युई सुसाकी से हुआ। फाइनल में सुसाकी ने अंकुश को तकनीकी आधार पर 4-0 से हराया। चैम्पियनशिप में ग्रीको रोमन स्पर्धा में साजन भानवाल ने 77 किलोग्राम भारवर्ग, विकास दलाल ने 72 किलोग्राम भारवर्ग और नितेश ने 97 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता।

आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप

भारत ने पाकिस्तान को 4 विकेट से हराया

मेलबर्न, भारत ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की है। भारत ने विश्वकप में अपने पहले लीग मैच में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को बेहद रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हराया। इस जीत के साथ भारत ने पिछले वर्ष आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में पाकिस्तान के हाथों मिली हार का बदला ले लिया है। भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे। विराट ने बेहतरीन पारी खेल भारत को एक यादगार जीत दिलाई।



मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपने पहले ओवर की पहली गेंद पर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (0) को आउट कर भारत को सफलता दिलाई। इसके बाद अर्शदीप ने 15 रन के स्कोर पर विश्व के नंबर वन ट्वेंटी-20 बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (4) को भी पवेलियन भेजा। इसके बाद शान मसूद (52) और इफ्तेखार अहमद (51) ने पाकिस्तान की पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। इफ्तेखार के आउट होने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने एक बार फिर वापसी की और लगातार विकेट झटकते हुए पाकिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोके रखा। हालांकि पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने तेजी से रन जोड़ते हुए पाकिस्तान की पारी को 20 ओवरों में 159 रन तक पहुंचाया। भारत के लिए अर्शदीप सिंह और हार्दिक पंड्या ने 3-3 तथा भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी ने 1-1 विकेट लिए।

जीत के लिए मिले 160 रनों का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल (4) और कप्तान रोहित शर्मा (4) ने जल्द अपने विकेट गवां दिये। इनके बाद सूर्यकुमार यादव और अक्षर पटेल भी पवेलियन लौट गए। एक समय 31 रन पर 4 विकेट गवांकर संकट का सामना कर रही भारतीय टीम को विराट कोहली और हार्दिक पंडया ने संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने संभलकर बल्लेबाजी की और भारत को रनचेस में बनाये रखा। हार्दिक 37 गेंदों में 40 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। हार्दिक के आउट होने के बाद विराट कोहली ने तेजी से रन बनाये और भारत को जीत दिलाई। मैच में भारत को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। विराट ने अपने अद्भुत खेल से भारत को जीत दिलाई। विराट ने 53 गेंदों में 82 रनों की यादगार पारी खेली। विराट ने इस पारी को अपने ट्वेंटी-20 कॅरियर की सबसे बेहतरीन पारी बताया है।

हरमनप्रीत कौर ने महिला बिग बैश लीग से वापस लिया नाम

मेलबर्न, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला बिग बैश लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। हरमनप्रीत ने बताया कि कमर की चोट के कारण मुझे बिग बैश से हटना पड़ रहा है। हरमनप्रीत बिग बैश लीग में मेलबर्न रेनगेडेस टीम के लिए खेलती हैं। हरमनप्रीत शुरुआत में सिर्फ दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं थी, क्योंकि उस दौरान हरमनप्रीत भारत के लिए महिला एशिया कप में खेल रही थीं। अब हरमनप्रीत टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हरमनप्रीत पिछली बार इस लीग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई थीं। मेलबर्न रेनगेडेस के महाप्रबंधक जेम्स रोसेनगार्टन ने कहा कि हरमनप्रीत कौर हमारी टीम की प्रमुख खिलाड़ी हैं। हम चाहते थे कि वे इस सत्र में भी खेले,लेकिन वो अब चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट में नहीं खेल सकेंगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• अमेरिका में •

धूमधाम से मनाई गई दिवाली, राष्ट्रपति बाइडेन ने भी दिया जलाया

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस में एक भव्य दिवाली समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जो बाइडेन

प्रशासन के कई भारतीय-अमेरिकी भी मौजूद रहे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी दिए जलाए। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह सबसे बड़ा दिवाली रिसेप्शन आयोजन था। मौके पर व्हाइट हाउस में जो बाइडेन ने कहा, 'हम आपकी मेजबानी कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। दिवाली हमें याद दिलाती है कि हम में से प्रत्येक के पास दुनिया में रोशनी लाने की शक्ति है।' अमेरिका की उपराष्ट्रपति और भारतीय मूल की कमला हैरिस भी दिवाली के अवसर पर फुलझड़ियां जलाती नजर आईं। बाइडेन ने पूरे अमेरिका में दक्षिण एशियाई समुदाय की ओर से प्रदर्शित आशावाद, साहस और सहानुभूति के लिए धन्यवाद दिया।

रोज़गार मेले (10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान) का शुभारंभ

रोज़गार सृजित करने के लिए एक साथ कई मोर्चों पर काम कर रही है केंद्र सरकार : प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान ने तो देश के युवाओं के सामर्थ्य को पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है। इसी तरह, महामारी के दौरान एमएसएमई क्षेत्र को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया गया, जिससे लगभग 1.5 करोड़ रोज़गार को बचाया जा सका। उन्होंने कहा कि मनरेगा से देश में सात करोड़ लोगों को रोज़गार मिलता है।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में देश का सबसे महत्वाकांक्षी मिशन है, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत। आज देश कई मामलों में एक बड़े आयातक से एक बहुत बड़े निर्यातक की भूमिका में आ रहा है। अनेक ऐसे सेक्टर हैं, जिसमें भारत आज ग्लोबल हब बनने की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ निर्यात भी मजबूत रोज़गार वृद्धि का संकेत देता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोज़गार मेले (10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान) का शुभारंभ किया। समारोह के दौरान, 75,000 नवनियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'बीते आठ वर्षों में देश में रोज़गार और स्वरोज़गार का जो अभियान चल रहा है, आज उसमें एक और कड़ी जुड़ रही है। यह कड़ी है रोज़गार मेला। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार एक कार्यक्रम के तहत 75,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। रोज़गार मेले का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा, हमने तय किया कि एक बार में ही नियुक्ति पत्र देने की परंपरा शुरू की जानी चाहिए ताकि परियोजनाओं को समय-सीमा के भीतर पूरा करने का सामूहिक स्वभाव विभागों में विकसित हो। आने वाले दिनों में भी अभ्यर्थियों को सरकार की ओर से समय-समय पर उनके नियुक्ति पत्र मिलते रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भरता के पथ पर ले जाने में हमारे इनोवेटर, एंटरप्रेन्योर, उद्यमियों, किसानों, सर्विसेस और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े साथियों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि लाखों रिक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया को चंद महीनों में पूरा करना और नियुक्ति पत्र जारी करना इस बात का संकेत है कि पिछले 7-8 वर्षों में सरकारी व्यवस्था में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, आज कार्य संस्कृति बदल रही है। आज अगर केंद्र सरकार के विभागों में इतनी तत्परता, इतनी दक्षता आई है तो इसके पीछे 7-8 साल की कड़ी मेहनत है, कर्मयोगियों का विराट संकल्प है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के शुरुआती वर्षों में केंद्र सरकार के ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों पर सेल्फ अटेस्टेशन और इंटरव्यू की प्रक्रिया को खत्म करने जैसे कदमों से युवाओं को मदद मिली है।

कृषि, निजी क्षेत्र और एमएसएमई जैसे सबसे अधिक रोज़गार देने वाले क्षेत्रों पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने उज्ज्वल भविष्य के लिए भारत के युवाओं को कुशल बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, आज हमारा सबसे अधिक बल युवाओं के कौशल विकास पर है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत देश के उद्योगों की जरूरतों के हिसाब से युवाओं को ट्रेनिंग देने का एक बहुत बड़ा अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि स्किल इंडिया अभियान के तहत 1.25 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। पूरे देश में कौशल विकास केंद्र और सैकड़ों उच्च शिक्षा संस्थान खोले गए हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि ड्रोन नीति को उदार बनाने, अंतरिक्ष नीति को खोलने और मुद्रा योजना के तहत 20 लाख करोड़ रुपये के ऋण जैसी पहलों ने प्रक्रिया को और आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, देश में इतना बड़ा एक स्वरोज़गार कार्यक्रम इससे पहले कभी भी लागू नहीं किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में ज्यादा से ज्यादा नौकरियां पैदा करने के लिए कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए लाखों रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की युवा आबादी को हम अपनी सबसे बड़ी ताकत मानते हैं। वे आजादी के अमृत काल में एक विकसित भारत के निर्माण के पीछे प्रेरक शक्ति हैं। प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों से आग्रह किया कि जब भी वे कार्यालयों में प्रवेश करें तो हमेशा अपने कर्तव्य पथ को ध्यान में रखें। प्रधानमंत्री ने कहा, आपको देश के नागरिकों की सेवा के लिए नियुक्त किया जा रहा है। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने कहा, 21वीं सदी में भारत सरकार की नौकरी केवल एक सुविधा नहीं है, बल्कि एक प्रतिबद्धता और समयबद्ध तरीके से देश के कोने-कोने से लोगों की सेवा करने का एक सुनहरा अवसर है।

चीन में

तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जिनपिंग

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के 20वें अधिवेशन के समापन के ठीक बाद शी जिनपिंग को एक बार फिर राष्ट्रपति चुन लिया गया है। वह तीसरी बार देश के राष्ट्रपति चुने गए हैं। इसके साथ ही उन्हें लगातार तीसरी बार कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना का महासचिव चुना गया है। जिनपिंग की अध्यक्षता वाले सत्र में 20वीं सीपीसी केंद्रीय समिति के 203 सदस्यों और 168 वैकल्पिक सदस्यों ने भाग लिया। सत्र में जिनपिंग को सीपीसी केंद्रीय सैन्य आयोग का अध्यक्ष भी नामित किया गया। सत्र में चुने गए सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य जिनपिंग, ली कियांग, झाओ लेजी, वांग हुनिंग, काई क्यूई, डिंग जुएक्सियांग और ली शी हैं। आयोजित सत्र में सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य भी चुने गए। जिसमें राजनीतिक ब्यूरो की स्थायी समिति द्वारा नामित सीपीसी केंद्रीय समिति सचिवालय के सदस्यों का समर्थन किया। इस सत्र में केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्यों को नामित किया गया। इस सत्र ने 20वें सीसीडीआई के पहले पूर्ण सत्र में चुने गए केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग (सीसीडीआई) के सचिव, उप सचिवों और स्थायी समिति के सदस्यों को भी मंजूरी दी गयी।

- **पार्टी संस्थापक माओ जेदोंग के बाद जिनपिंग ऐसे पहले चीनी नेता हैं, जिन्हें इस पद पर तीसरे कार्यकाल के लिए चुना गया है।**

ब्रिटेन में

भारतवंशी ऋषि सुनक ने रचा इतिहास

भारतीय मूल के ऋषि सुनक ने महज सात साल के संसदीय सफर में ब्रिटेन के नये और पहले अश्वेत प्रधानमंत्री बनकर एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। ब्रिटेन में ऋषि सुनक को जैसे ही कंजरवेटिव पार्टी के नेता के रूप में चुना गया वैसे ही वह यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बनने वाले भारतीय मूल के पहले सांसद बन गए। सुनक को 190 से अधिक सांसदों ने समर्थन दिया वहीं उनकी प्रतिद्वंद्वी पेनी मोर्डंट 100 सांसदों का जरूरी समर्थन हासिल करने में विफल रहीं और इस दौड़ से बाहर हो गई थीं। कंजरवेटिव पार्टी के 'बैकबेंच' सांसदों की प्रभावशाली 1922 समिति के अध्यक्ष सर ग्राहम ब्रैडी ने संसद परिसर में घोषणा

की कि उन्हें केवल एक नामांकन मिला है, लिहाजा नेतृत्व प्रतियोगिता में सुनक विजयी रहे हैं। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने भी ऋषि सुनक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त करने के साथ ही सरकार बनाने का आदेश दे दिया है। सुनक ने 2020 से 2022 तक ब्रिटेन के राजकोष के चांसलर के रूप में कार्य किया, जिसे वित्त मंत्री भी कहा जाता है। इससे पहले सुनक 2019 से 2020 तक ट्रेजरी के मुख्य सचिव रहे। वह 2015 से उत्तर यॉर्कशायर में रिचमंड (यॉर्क) के लिए संसद सदस्य रहे हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को बधाई देते हुए अपने ट्वीट में लिखा : "हार्दिक बधाई ऋषि सुनक! आप यूके के प्रधानमंत्री बने हैं, मैं वैश्विक मुद्दों और रोडमैप 2030 को लागू करने पर एक साथ मिलकर काम करने की आशा करता हूं। ब्रिटेन के भारतीयों के लिए "जीवित सेतु" को दिवाली की विशेष बधाई, हम अपने ऐतिहासिक संबंधों को एक आधुनिक साझेदारी में बदलने में सक्षम हों।

डिफेंस एक्सपो 2022

भारतीय रक्षा इकोसिस्टम उभरते हुए क्षेत्र के रूप में सामने आया

अब तक की सबसे बड़ी रक्षा प्रदर्शनी डेफएक्सपो 2022 ने अपनी थीम मपाथ टू प्राइड' के अनुरूप भारत के रक्षा उद्योग के उदय को वैश्विक स्तर पर निवेश हेतु एक उभरते क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया है। गुजरात के गांधीनगर में आयोजित हुए इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में 1,340 से अधिक प्रदर्शकों, व्यवसायों, निवेशकों, स्टार्ट-अप्स, एमएसएमई, सशस्त्र बलों और अनेक देशों के प्रतिनिधियों की चार अलग-अलग स्थानों पर अनूठी भागीदारी देखी गई। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह के

नेतृत्व ने डेफएक्सपो के दृष्टिकोण को तीन व्यावसायिक और दो सार्वजनिक दिनों तक दर्जनों गतिविधियों के सुचारू संचालन के साथ जमीन पर लागू करने में मदद की और समूचे राष्ट्रीय रक्षा पारितंत्र के लिए एक आत्मनिर्भर भारत बनाने और उसके लिए सहयोग करने हेतु एक मजबूत आधारशिला रखी।

निवेशकों और व्यवसायों के जबरदस्त उत्साह ने यह दिखाया कि 35,000 करोड़ रुपये के निर्यात के साथ वर्ष 2025 तक 22 बिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा क्षेत्र का लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास, हवाई युद्ध के लिए नई तकनीकों, रक्षा उत्पादन के स्वदेशीकरण, निर्यात को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने जैसे व्यापक विषयों पर विचार-मंथन करने के लिए तीन व्यावसायिक दिनों के दौरान आयोजित 20 से अधिक सेमिनारों में रक्षा क्षेत्र से जुड़े सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ एक मंच पर आए। कुल 451 समझौता ज्ञापनों, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौतों, उत्पाद लॉन्च और घरेलू व्यवसायों को 1.5 लाख करोड़ रुपये के ऑर्डर ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में भारत की प्रगति दर्शायी और साथ ही यह दिखाया कि सशस्त्र बलों की जरूरतों, अनुसंधान एवं विकास तथा सार्वजनिक एवं निजी कंपनियों द्वारा रक्षा उत्पादन में तालमेल है। घरेलू कंपनियों के लिए आयोजित पहली डेफएक्सपो में विमान, टैंक, हथियार और गोला-बारूद, अत्याधुनिक तकनीकों और हथियार प्रणालियों के प्रदर्शन से भारतीय रक्षा और एयरोस्पेस निर्माण का कौशल स्पष्ट था। प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और अन्य स्थानीय और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्टालों पर किए गए दौरों ने भारतीय रक्षा उद्योग को प्रोत्साहित किया। डेफएक्सपो 2022 के मौके पर आयोजित अनेक द्विपक्षीय और बहुपक्षीय कार्यक्रमों में भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव स्पष्ट था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।